**04.09.2020**

**31 मार्च से 2 फरवरी 2020 के दौरान मैक्सिको सिटी, मैक्सिको में एक्स्पो एंटाड एंड एलीमिन्टेरिया 2020 में एपीडा पविल्यन के डिजाइन और निर्माण करने हेतु बोलियां प्रस्तुत करने का विवरण**

**CPPP Portal Tender Id: 2019_APEDA_472824_1**

**1. आवश्यकताएं:**

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्‍य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण "एपीडा" एक्स्पो एंटाड एंड एलीमिन्टेरिया, 2020 अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग ले रहा है और मैक्सिको के बाज़ार में अपने अनुसूचित उत्पादों का प्रदर्शन और विपणन करने के लिए अपना पविल्यन स्थापित करेगा। **एक्स्पो एंटाड एंड एलीमिन्टेरिया, 2020 मैक्सिको** इवेंट है जिसे **31 मार्च, 2020 से 2 अप्रैल, 2020 के दौरान प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक मैक्सिको स्थित मैक्सिको शहर के एक्सपो ग्वाडलजारा, ए.वी, मारियानो ओटेरो नंबर 1499, कॅल. वर्डे वैले, ग्वाडलाजारा, जेलिस्को** में अंतर्राष्ट्रीय हॉल में आयोजित किया जाएगा। (इसके बाद "इवेंट/आयोजन" के रूप में जाना जाता है)।

मैक्सिको स्थिति एक्सपो ग्वाडलजारा, ए.वी, मारियानो ओटेरो नंबर 1499, कॅल. वर्डे वैले, ग्वाडलाजारा, जेलिस्को में आयोजित होने वाले एक्स्पो एंटाड एंड एलीमिन्टेरिया, 2020 के लेआउट के आधार पर इवेंट के लिए एपीडा पविल्यन का कुल क्षेत्रफल लगभग 108 वर्ग मीटर (स्टॉल सं. 0626-EC , 0624-EP , 0622-EP , 0620-EP , 0618-EC , 0725-EC , 0723-EP , 0721-EP, 0719-EP , 0717-EC , 0614-EC and 0713-EC) होगा।

**2. बोलियों की प्रस्तुति हेतु पात्रता:**

न्यूनतम योग्यता रखने वाली एजेंसियों को टर्नकी आधार पर इस आयोजन के लिए बोली लगाने के लिए आमंत्रित किया जाता है:

2.1 एजेंसियों को पंजीकृत व्यावसायिक इकाई / सेवा प्रदाता होना चाहिए। पंजीकरण क्रमांक, टैन / प्रत्यक्ष कर / आयकर / व्यापार कर / वैट / जी.एस.टी आदि के रूप में लागू तकनीकी बोली प्रारूप में उद्‌धृत किया जा सकता है और प्रमाण पत्र/प्रमाण की प्रति

संलग्न की जाए। ये दस्तावेज केवल आवेदक संगठन के नाम पर हो न कि समूह/संबंधित संगठन के नाम पर। दूसरे शब्दों में, प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेजों में आवेदक संगठन का नाम समान होना चाहिए।

2.2 भारत के बाहर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय इवेंट्स में पविल्यन की स्थापना के लिए आद्योपांत आधार पर परियोजनाओं को अवधारणा, डिजाइन और निष्पादित करने में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो।

2.3 अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों के आयोजन से संबंधित इवेंट मैनेजमेंट बिजनेस के कार्यान्वयन के लिए पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष अर्थात् 2018-19 के दौरान न्यूनतम रु 5,00,00,000 / - (केवल पांच करोड़ रुपये) का टर्नओवर हो।

2.4 बोली प्रस्तुत करने के लिए 2,00,000/- रु (केवल दो लाख रुपए) ई.एम.डी डीडी के रूप में "एपीडा" नई दिल्ली के पक्ष में में देय प्रस्तुत करना होगा जिसके बिना बोली प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

2.5 एक स्व-प्रमाणित घोषणा प्रस्तुत करना होगा जिसमे यह उल्लेख किया गया हो कि एजेंसी को किसी भी सरकारी संगठन द्वारा कभी भी ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है और यह आज की तारीख तक लागू नहीं है।

**3. कार्य का क्षेत्र:**

प्रस्तावित एपीडा पविल्यन सहित सामान्य क्षेत्र, सैम्पलिंग और प्रतिभागियों के क्षेत्र को पूरी लकड़ी की सामग्री का उपयोग करके डिजाइन किया जाएगा। ईवेंट के लिए कार्य के क्षेत्र में निम्नलिखित शामिल होंगे:

**I. थीम/सामान्य क्षेत्र (प्रदर्शक स्टालों को छोड़कर):**

**II. एपीडा के लिए थीम क्षेत्र लगभग 18 वर्ग मीटर क्षेत्र का हो जिसमें मीटिंग लॉन्ज और वेट सैम्पलिंग क्षेत्र शामिल हो।**

i. ग्लास एक्रिलिक या लाइक्रा सामग्री पर बैकलिट कोलाज की पृष्ठभूमि के साथ एक रिसेप्शन/स्वागत कक्ष हो।

ii. कस्टम निर्मित रिसेप्शन टेबल का लोगो जिसके दोनों तरफ फ्रंट ट्रांस-लाइट हो और एपीडा प्रदर्शित हो रहा हो।

iii. एपीडा के लिए एक बैठक लाउंज जो ग्लास /एक्रिलिक या समकक्ष सामग्री द्वारा कवर किया जाए जिसमें एक प्रवेश द्वार हो जो थीम क्षेत्र से जुड़ा हुआ हो और जिसमें 4 फीट की ऊंचाई की आंशिक दूरी हो। इस लाउंज में कम से कम 6-8 लोगों के लिए बैठने की क्षमता वाले सोफा सेट, सेंटर टेबल, स्टोर और खुला बैठक क्षेत्र (अधिकतम स्थान की उपलब्धता और उपयोग के अनुसार) हो।

iv. बैठकों के लिए जगह की उपलब्धता के अनुसार पर्याप्त रूप से व्यवस्थित सोफे और कुर्सियों के साथ बैठक कक्ष।

v. चाय / कॉफी□□पीने के पानी□□माइक्रोवेव ओवन□□रेफ्रिजरेटर और डीप फ्रीजर के लिए प्रावधान के साथ पेंट्री सहित एक भंडारण क्षेत्र हो।

vi. संलग्न लेआउट के अनुसार भारत पविल्यन के एक ब्लॉक के लिए शीर्ष लटकन।

vii. कॉमन एरिया में कम से कम 6"X3" फुट आकार के दस बैक लाइट वाले ग्राफिक्स पैनल प्रदान किए जाएं।

viii. पविल्यन / स्टॉल के निर्माण की आगे की स्थिति के लिए□□स्टाल की ऊँचाई आदि आप www.alimentaria-mexico.com□ का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं।

ix. पविल्यन पूरी तरह से पर्याप्त सफेद रोशनी के साथ उज्जवल रूप से प्रकाशित किया जाएगा जिससे पूरे पविल्यन में अंधेरे न हो।

x. वेंडर द्वारा 3 दिनों के आयोजन के दौरान एपीडा द्वारा के निर्देश के अनुसार दूतावास अधिकारियों, वी.आई.पी और अन्य गणमान्य

व्यक्तियों के दौरे के लिए प्रतिदिन 5-6 गुलदस्ते की व्यवस्था की जाए और उनके लिए जलपान (चाय, कॉफी, शीतल पेय और स्नैक्स) की व्यवस्था की जाए।

xi. एवेंट स्थान पर प्रचार सामग्री के लिए लॉजिटिक्स की व्यवस्था की जाए।

xii. ब्रोशर आदि प्रदर्शित करने के लिए स्टैण्ड उपलब्ध किए जा सकते हैं।

1.2 वेट सैम्पलिंग क्षेत्र: बासमती चावल की बिरयानी (शाकाहारी और गैर-शाकाहारी) के लिए और काउंटर, शेल्व्स, माइक्रोवेव को प्रदर्शनी करने के लिए एक वेट सैम्पलिंग क्षेत्र।

**II ब्रांडिग और प्रचार**

i. आयोजकों के दिशा-निर्देशों के अनुसार, अधिकतम ऊंचाई से एपीडा भारत पविल्यन की बैकलिट ब्रांडिंग और दृश्यता।

ii. एपीडा पविल्यन का समग्र रूप समकालीन होना चाहिए और जो आधुनिक भारत के रंग और जीवंतता को दर्शाता है। **भारत** शब्द की एक उपयुक्त बैकलिट ब्रांडिंग की जाए और जो हर जगह द्रष्टव्य हो।

iii. जेनरिक ब्रांडिंग स्ट्रेचेबल लाइक्रा या फ्लेक्स पर हो ताकि अंतिम गैटअप में सिलवटें न आएं। सामान्य ब्रांडिंग बैनर में उज्ज्वल - सफेद लाइटिंग हो।

iv. भारत पविल्यन के इवेंटों की विडियो क्लिप्स की तैयारी और एपीडा से अनुमोदन मिलने के बाद उन्हें youtube, ट्विटर, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया पर अपलोड किया जाए।

v. एपीडा ब्रोशर, रेसिपी बुक और प्रदर्शक निर्देशिका को विकसित और

तैयार किया जाए।

vi. भीगे बासमती चावल की सैम्पलिंग का कार्य करने के लिए एक भारतीय रेस्तरां को बिरयानी तैयार करने और परोसने का कार्य दिया जाएगा। इस रेस्तरां को दो प्रकार की बिरयानी - शाकाहारी और मांसाहारी बिरयानी को तैयार करने को कहा जा सकता है। इस रेस्तरां को ये बिरयानी अपनी क्रॉकरी में प्रदर्शनी स्थल में परोसनी होगी। साथ ही दो परिचारकों द्वारा आवश्यक सामग्री जैसे डिस्पोज़ल प्लेट्स, नैपकिन और चम्मच आदि की आपूर्ति की जाए। एपीडा द्वारा बिरयानी बनाने के लिए प्रतिदिन 20 कि.ग्रा चावल (10 कि.ग्रा शाकाहारी बिरयानी और 10 कि.ग्रा मांसाहारी बिरयानी के लिए) उपलब्ध किया जाएगा। हालांकि, बिरयानी को तैयार करने और परोसने आदि का शुल्क बिड्स में शामिल है। वेंडर द्वारा बिरयानी को तैयार करने के लिए बासमती चावल उपलब्ध किया जाए।

**III एक्ज़िबिटर स्टॉल:**

प्रत्येक बोलीदाता द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का उत्तरदायित्व लिया जाए:

i. सभी विशिष्ट बूथ/स्टॉल और भारत ब्रांडिग कम से कम 4.5 मीटर या पूरे क्षेत्र में आयोजकों द्वारा अनुमत ऊँचाई तक के हो और उनका रूप आधुनिक समकालीन हो।

ii. एजेंसी को 9 वर्ग मीटर स्टॉल की अधिकतम संख्या का प्रस्ताव दिया गया है जिसे निर्यातकों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और क्रेता/आगंतुकों के साथ इंटरेक्शन के लिए क्षेत्र हेतु लेआउट के आधार पर एपीडा पविल्यन के लिए आवंटित किए गए क्षेत्र पर बनाया जाएगा।

iii. निर्यातक के लिए 9 वर्ग मीटर की प्रत्येक विशिष्ट स्टॉल को निम्नलिखित फर्नीचर उपलब्ध किए जाएंगे और फर्नीचर के आकार के अनुसार बड़े स्टॉल उपलब्ध किए जाएंगे:

क. प्रत्येक तख़्त पर बैकलाइट,

ख. तीन कुर्सियों के साथ एक गोल मेज़,
ग. एक कूड़ादान
घ. 3 प्रदर्शन शेल्फ
ङ. मल्टीप्लग के साथ एक पॉवर प्वाइंट
च. स्टॉल में नया कालीन
छ. चमकीले पोस्टर सहित स्टोरेज वाला एक लॉकेबल (ताला लगाने योग्य) काउंटर (ज्वेलरी शोकेस)
ज. 100 वॉट के 6 बल्ब या पर्याप्त रोशनी के लिए आवश्यक बल्ब
झ. एपीडा की आवश्यकता और विवेक के आधार पर भी स्टाल क्षेत्र को बदला जा सकता है।

iv. संबंधित एक्ज़िबिटर द्वारा व्यवस्थित किए गए टी.पी/डिजाइन के आधार पर प्रत्येक 9 वर्ग मीटर स्टॉल के लिए 3'x6' वर्ग मीटर के आकार के 3 पैनल पोस्टरों को तैयार किया जाए। एजेंसी द्वारा तैयार किए गए पैनल और पोस्टर एक जैसे टेम्प्लेट के साथ समान आयामों वाले हों और उनकी छपाई की गुणवत्ता अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हो।

**IV अन्य गतिविधियां**

i. शो के दौरान सभी दिनों के लिए दो परिचारकों सह दुभाषियों और एक सहायक का प्रावधान किया जाए।

ii. DVD प्लेयर और पेन ड्राइव के साथ 60 इंच के एक एल.सी.डी/एल.ई.डी टी.वी का प्रावधान किया जाए।

iii. पूरे इवेंट की हाई रेज़ोल्यूशन की स्टिल फोटोग्राफी की जाए और मैट फिनिश की 5 x7 आकार की कम से कम 150 फोटो के दो फोटो एल्बम प्रस्तुत किए जाएं।

iv. एजेंसी को एपीडा की ओर से अनुमानित बिजली भार और पुस्तक का आकलन करना है। समान और बिजली की खपत के लिए शुल्क का भुगतान सहायक दस्तावेजों को जमा करने पर वास्तविक रूप से किया जाएगा।

v. प्रत्येक दिन की शुरुआत से पहले रखरखाव, उचित और नियमित सफाई के साथ भूनिर्माण और दोनों हॉल में एपीडा पविल्यन की अग्नि सुरक्षा का दायित्व पूरा किया जाए।

vi. सभी तीन दिनों के लिए आगंतुको (दूतावास के अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति आदि) के लिए पेय जल, चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक और स्नैक्स की व्यवस्था की जाए।

vii. इवेंट के दौरान शो के आयोजकों की किसी भी अन्य विविध आवश्यकताओं / अनुपालन को एपीडा से पुष्टि लेकर पालन किया जा सकता है।

viii. वास्तविक आधार पर प्रचार सामग्री और सैम्पल (प्रदर्शनी) का प्रेषण।

ix. संपूर्ण एपीडा पविल्यन की सफाई और रखरखाव।

x. एपीडा के निर्देश पर आवश्यकता के आधार पर एजेंसी द्वारा छपाई, फोटोकॉपी, इंटरनेट के प्रावधान आदि जैसी बिज़नेस ऑफिस की आवश्यकताओं को व्यवस्थित किया जाए।

**5. सामान्य**

i. चयनित बोलीदाता यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगी कि अंत तक पविल्यन के निर्माण और रखरखाव एवं इवेंट के समन्वय के लिए साइट पर उपयुक्त श्रमशक्ति मौजूद हो। चयनित बोलीदाता द्वारा ईवेंट के अंत तक आयोजकों के सभी लागू बिलों का निपटान किया जाएगा।

ii. शो के आयोजकों की अनुशंसा के अनुसार बिजली की आपूर्ति और मुख्य विद्युत कनेक्शन, पानी की आपूर्ति और अन्य सहायता प्रणाली आदि उपलब्ध किया जाए। तदनुसार पूर्वोक्त प्रावधानों को चयनित बोलीदाता द्वारा जांचा जाना आवश्यक है।

iii. सेवाओं का लाभ उठाने की स्थिति में वेन्यू खाली करने से पूर्व एजेंसी द्वारा वेन्यू प्राधिकरण और/या अन्य वेंडर्स के सभी बिलों (यदि कोई हो) का भुगतान किया जाए।

iv. एजेंसी द्वारा किसी भी शिकायत / आकस्मिकता के समाधान के लिए पूरे शो के दौरान पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित तकनीकी श्रमशक्ति (सज्जाकार, विद्युत, व्यक्ति) की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। एजेंसी यह सुनिश्चित करेगी कि भारत पविल्यन के लिए खरीदे जाने वाले किसी भी आवश्यक उत्पाद को डाउनटाइम से बचने / कम करने के लिए कम से कम समय में उपलब्ध कराया जाए।

v. एजेंसी को विदेशों की सभी मुआवजा आवश्यकताओं जैसे कि श्रमिकों के मुआवजे, वेतन पत्रक कर औद्योगिक संबंध अधिनियम आदि को पूरा करना होगा जिसमें व्यापार मेला / प्रदर्शनी आयोजित की जाती है।

vi. एजेंसी यह सुनिश्चित करेगी कि मेक्सिको में स्थल प्राधिकरणों / स्थानीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक सभी मंजूरी / एन.ओ.सी / अनुमति निष्पक्ष प्राधिकरण की संतुष्टि के लिए प्राप्त की गई है।

## 6. नियम एवं शर्तें

i. बोलीदाता एपीडा के निर्देशों और मार्गदर्शन के अंतर्गत काम करेगा। यह एजेंसी की एकमात्र जिम्मेदारी होगी कि एपीडा के लिए उनके द्वारा की जाने वाली सभी गतिविधियों को कानूनी ढांचे के अनुसार सुनिश्चित किया जाए।

ii. बोली मूल्य सभी लागू करों सहित केवल भारतीय रुपए में उद्धृत किए जाएं।

iii. इच्छुक पात्र एजेंसियां संलग्नक- I और II के अनुसार नई दिल्ली में देय एपीडा के पक्ष में डिमांड ड्रॉफ्ट के रूप में 2,00,000/- (केवल दो लाख रुपए) की बयाना राशि (ई.एम.डी) सहित सहायक दस्तावेज़ों के साथ बिड्स प्रस्तुत

कर सकती हैं। वेंडर के चयन के बाद असफल एजेंसी को ई.एम.डी वापस कर दी जाएगी। चयनित एजेंसी के लिए ई.एम.डी राशि को अंतिम भुगतान में समायोजित किया जाएगा।

iv. यह एजेंसी की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने द्वारा कार्यरत श्रमशक्ति के संबंध में स्थानीय कानूनों की प्रयोज्यता सुनिश्चित करे।

v. एजेंसी को अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा बिड् दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता होगी। बिड की मान्यता बिड प्रस्तुत करने के अंतिम दिन से 30 दिनों तक के लिए होगी।

vi. एपीडा के लिए यह महत्वपूर्ण है कि इस अनुबंध के अंतर्गत आने वाले बोलीदाता द्वारा समझौते की अवधि के दौरान नैतिकता के उच्चतम स्तर का पालन किया जाए और वे किसी भी सतर्कता जांच से मुक्त हो। बोलीदाता को एपीडा को निविदा दस्तावेज तैयार करने और प्रस्तुत करने से जुड़ी लागत वहन करनी होगी।

vii. अनुशंसित एजेंसी के भ्रष्ट या धोखाधड़ी मामलों से जुड़े होने पर एपीडा द्वारा कार्य करने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

viii. आवेदक/बोलीदाता के भ्रष्ट या धोखाधड़ी मामलों से जुड़े होने या अनुबंध को निष्पादित करने की स्थिति में एपीडा द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए किसी भी समय अनिश्चित काल के लिए या एक निर्दिष्ट अवधि के लिए आवेदक / बोलीदाता को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

ix. एजेंसी किसी भी दावे, नुकसान, मुकदमे, देयता के विरूद्ध एपीडा को क्षतिपूर्ति करनी होगी।

x. एजेंसी एपीडा द्वारा अनुमोदित रंग के अनुसार पविल्यन के अंदर नया कालीन उपलब्ध करेगी।

xi. एजेंसी द्वारा उपयोग की जाने वाली सामग्री जैसे दीवार पैनल, लकड़ी सामग्री, फर्नीचर, प्रदर्शन सहायक सामग्री आदि अच्छी गुणवत्ता की होनी चाहिए। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, प्रस्तुत किए जाने वाले फर्नीचर की तस्वीरों को प्रस्तुतिकरण के समय दिखाया और प्रस्तुत किया जाएगा।

xii. एक स्व-प्रमाणित घोषणा यह उल्लेख करते हुए प्रस्तुत की जाए कि उन्हें कभी भी किसी भी सरकारी संगठन द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है और यह वर्तमान में लागू नहीं है।

xiii. संबंधित एग्ज़िबिटर द्वारा टी.पी / डिजाइन के अनुसार व्यवस्था की जाए। पैनल और एजेंसी द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों की समरूपता बनाए रखने के लिए उनकी लम्बाई-चौड़ाई को समान रखा जाएगा।

xiv. वेंडर द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व एपीडा में एपीडा की भागीदारी की रिपोर्ट के साथ  एपीडा के लिए तैयार किए गए पैनल, पविल्यन के अंतिम डिजाइन की सॉफ्ट कॉपी सहित (सी.डी.आर प्रारूप में) आगंतुकों के विवरण (क्रेता सूची और पूछताछ) को प्रस्तुत किया जाए। इसे एपीडा की सम्पत्ति माना जाएगा।

xv. एपीडा के अधिकार:

- पविल्यन और ग्रेफिक्स के डिजाइन के कॉपीराइट का अधिकार है।
- डिजाइन योजना में लघु परिवर्तन कर सकता है।
- अपनी समझ से आवेदक/बिड्स की प्रस्तुति के लिए समय सीमा बढ़ा सकता है।
- अनुबंध / आदेश देने से पहले किसी भी समय बिना कोई कारण दिए और एपीडा पर कोई दायित्व दिए बिना किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है।
- एपीडा के मत में सार्वजनिक हित में आवश्यक या समीचीन होने पर किसी भी समय अनुबंध को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द कर परियोजना को लंबित किया जा सकता है। इस संबंध में एपीडा का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। एपीडा पूर्वोक्त कार्रवाई से उत्पन्न किसी भी क्षति या नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

- यदि एपीडा के मत में सार्वजनिक हित में या परियोजना के उचित कार्यान्वयन के लिए ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है तो एपीडा द्वारा बोली की प्रक्रिया के पश्चात सफल एजेंसी को मिले नियम एवं शर्तों में संशोधन किया जा सकता है। इस संबंध में एपीडा का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- इस दस्तावेज़ के किसी भी खंड की व्याख्या के लिए, अध्यक्ष एपीडा का निर्णय दोनों पक्षों अर्थात् एजेंसी और एपीडा के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा।

## 7. तकनीकी एवं वित्तीय बोली प्रस्तुत करने हेतु दिशा-निर्देश

7.1 सील की गई तकनीकी एवं वित्तीय बोलियों को अलग-अलग लिफाफे में इवेंट के नाम के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक है अर्थात् मैक्सिको स्थित मैक्सिको सिटि में **31 मार्च**, **2020 से 2 अप्रैल**, **2020** के दौरान आयोजित होने वाले एक्स्पो **एन्टाड एंड एलिमेन्टेरिया, 2020, मैक्सिको इवेंट** के लिए बोलियों को **24 सितंबर**, **2020 को शाम 4:00 बजे** तक प्रस्तुत किया जाए। बोलीदाता कृपया ध्यान दें कि सशर्त बोलियों के आवेदन की अनुमति नहीं है और इसे तुरंत ही अस्वीकार कर दिया जाएगा। पूर्व बोली बैठक नई दिल्ली स्थित एपीडा में 12 सितंबर, 2019 को 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

7.2 तकनीकी बोली :संलग्नक I में वर्णित दस्तावेज़ों को शामिल करने के लिए इवेंट का नाम और “तकनीकी बिड” सब्सक्राइब करें:

**(संलग्नक I)**

| **बोलीदाता द्वारा अनिवार्य विवरण प्रस्तुत किए जाएं:** | |
|---|---|
| • एजेंसी का नाम एवं पता | |
| • मुख्य कार्यकारी अधिकारी का नाम और पदनाम | |
| • कुल वेतन भुगतान पर कर्मचारी संख्या सहित एजेंसी की प्रोफाइल | |
| • ट्रैक रिकॉर्ड - इसी प्रकार की प्रकृति के कार्य को संभालने का पिछला अनुभव (कृपया यहां उल्लेख करें)<br>• कंपनी के पास पिछले दो वर्षों के कार्य आदेशों की प्रतियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में इवेंट प्रबंधन के तौर पर 5 वर्षों तक कार्य करने का अनुभव हो। | |
| • पिछले वित्तीय वर्षों के लिए आवेदक एजेंसी के टर्नओवर को 3 | |

| | |
|---|---|
| पत्र।-प्रमाणित करने वाला सी.ए प्रमाणये दस्तावेज केवल आवेदक संगठन के नाम पर हो न कि समूहसंबंधित/ संगठन के नाम पर। | |
| • पिछले 5 वर्षों की नवीनतम आयकर विवरणी की स्व-प्रमाणित प्रतिलिपि और पैन कार्ड की स्व-प्रमाणित प्रतिलिपि। ये दस्तावेज केवल आवेदक संगठन के नाम पर हो न कि समूह संबंधित/ संगठन के नाम पर। अन्य शब्दों में सभी दस्तावेजों में आवेदक संगठन का नाम समान हो। | |
| • एपीडा, नई दिल्ली के पक्ष में ड्रॉफ्ट/अविकल्पी और शर्त रहित बैंक गारंटी के रूप में 2,00,000/- (केवल दो लाख रुपए) की बयाना राशि "ई.एम.डी" प्रस्तुत की जाए। विक्रेता के चयन के बाद असफल बोलीदाता को ई.एम.डी वापस कर दी जाएगी। चयनित बोलीदाता के लिए ई.एम.डी राशि को अंतिम भुगतान में समायोजित किया जाएगा।<br><br>• एक स्व-प्रमाणित उपक्रम को यह उल्लेख करते हुए प्रस्तुत किया जाए कि एजेंसी को किसी भी सरकारी संगठन द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है और यह आज की तिथि तक लागू नहीं है। | |

7.3 जैसा कि ऊपर बताया गया है लेआउट, सजावट योजना आदि के साथ पविल्यन की अवधारणा/डिजाइन को हार्ड कॉपी के साथ-साथ CD में प्रस्तुत किया जाए। एजेंसी द्वारा एपीडा पविल्यन की 3D मेजिज़/प्रस्तुतिकरण को प्रस्तुत किया जाए जिसमें एपीडा पविल्यन को विभिन्न कोणों से पूर्ण प्रक्षेपण को स्पष्ट रूप से दिखाया जाए। इसमें 9 वर्ग मीटर के मानक बूथ का पूर्ण 3D लुक भी हो, जिसमें सहायक उपकरण और फर्नीचर का पूर्ण प्रदर्शन किया गया हो। 3D प्रज़ेंटेशन में ग्राफिक्स आदि भी विस्तार से हो।

**7.4 कवर 2: वित्तीय बोली: इवेंट का नाम "वित्तीय बोली" (संलग्नक II) सब्सक्राइब करें**

7.4.1 निम्नलिखित दस्तावेज़ों/विवरण को शामिल करने के लिए:

7.4.2 वित्तीय बोली में करों का समावेश होगा, हालांकि, भुगतान के लिए इनवॉइस में करों का उल्लेख अलग से किया जाएगा। कोई एकमुश्त राशि नहीं मानी जाएगी।

7.4.3 **वित्तीय बोली** को भारतीय रुपए में अलग से प्रमुख घटकों के ब्रेक-अप के साथ विधिवत हस्ताक्षरित, सील और दिनांकित किया जाए। कोई एकमुश्त राशि नहीं मानी जाएगी। इसे विधिवत रूप से सील किए गए पृथक लिफाफे में रखा जाए।

## संलग्नक II (वित्तीय बोली)

**31 मार्च से 2 फरवरी 2020** के दौरान **मैक्सिको सिटी, मैक्सिको** में आयोजित होने वाले **एक्स्पो एंटाड एंड एलीमिन्टेरिया 2020 में एपीडा पविल्यन की डिजाइनिंग और निर्माण करने हेतु वित्तीय बोलियां**

| क्र.सं. | गतिविधि | प्रति वर्ग मीटर की दर (जहां लागू हो) | कुल |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 (II) में वर्णित ब्रांडिंग के अतिरिक्त 3 (I) (1.1) में उल्लिखित विवरणों को सम्मिलित करने के लिए प्रस्तुत योजना के अनुसार 18 वर्ग मीटर के थीम/कॉमन एरिया का निर्माण और फर्निशिंग<br><br>इस लाउंज में कम से कम 6-8 लोगों के लिए बैठने की क्षमता वाले सोफा सेट, सेंटर टेबल, स्टोर और खुला बैठक क्षेत्र (अधिकतम स्थान की उपलब्धता और उपयोग के अनुसार) हो। | | |
| 2 | उपरोक्त 3 (I) (1.2) के अनुसार उल्लिखित वेट सैम्पलिंग क्षेत्र | | |
| 3 | 3 (II) में वर्णित विवरण के आधार पर ब्रांडिंग और प्रचार | | |
| 4 | 3 (III) में वर्णित विवरण के आधार पर एक्जिबिटर स्टॉल | | |
| 5 | 3 (IV) में वर्णित विवरण के आधार पर अन्य गतिविधियां | | |
| 6 | लागू कर | | |
| **7.** | **कुल राशि (करों सहित)** | | |

**8. चयन प्रक्रिया**

8.1 एपीडा में एक समिति एजेंसियों की प्रारंभिक जांच करेगी और निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करने वाली एजेंसियों को शॉर्टलिस्ट करेगी। हाललांकि, यदि आवश्यक हो तो एपीडा द्वारा इस स्तर पर किसी भी एजेंसी या सभी एजेंसियों से विशिष्ट स्पष्टीकरण की मांग की जा सकती है। चयन समिति के समक्ष तकनीकी प्रस्तुति देने के लिए शॉर्टलिस्ट एजेंसियों की आवश्यकता होगी।

8.2 प्रस्तुतिकरण निम्नलिखित क्षेत्रों पर अपने सुझाव दे सकते हैं:

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>क्षेत्र</th><th>स्कोर / वेटेज</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>समग्र अवधारणा और डिजाइन</td><td>30</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>फोटो, ग्राफिक्स, आकर्षक रंग योजना आदि के संयुक्त उपयोग से खाद्य उत्पादों के एक शक्तिशाली स्रोत के रूप में विषय क्षेत्र का महत्वपूर्ण चित्रण।</td><td>20</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>एपीडा को आवंटित फर्श क्षेत्र के अनुसार संरचना का उपयुक्त आयाम और स्थल का सर्वोतम उपयोग।</td><td>10</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>कंपनी का टर्नओवर: अंको का ब्रेकअप नीचे दिया गया है:<br><table><tr><td>5 करोड़ रुपए तक</td><td>2 अंक</td></tr><tr><td>5 - 10 करोड़ रुपए तक</td><td>3 अंक</td></tr><tr><td>10 करोड़ रुपए से अधिक</td><td>5 अंक</td></tr></table></td><td>5</td></tr>
<tr><td></td><td>अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समान प्रकृति का पिछला कार्य। अंको का ब्रेकअप नीचे दिया गया है:<br><table><tr><td>5 वर्षों तक</td><td>2 अंक</td></tr><tr><td>5 - 10 वर्षों तक</td><td>3 अंक</td></tr><tr><td>10 वर्षों से अधिक</td><td>5 अंक</td></tr></table></td><td>5</td></tr>
</table>

**9. वित्तीय बोलियों का आरंभ:**

9.1 अंकन सभी प्रस्तुतियों पर किया जाएगा। जो वेंडर तकनीकी प्रस्तुतियों में न्यूनतम 70% अंक (70 में से 49 अंक) सुरक्षित करते हैं, उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा और उसके बाद ही उनकी वित्तीय बोलियाँ खोली जाएंगी। वित्तीय बोली में अधिकतम 30 अंक होंगे। अंकन की गणना के लिए निम्न विधि होगी:

L1 = 30 अंक
L2 = 30XL1 (L1 द्वारा उद्धृत मूल्य) / L2 (L2 द्वारा उद्धृत लागत) और L3, L4 आदि के लिए इसी तरह से (पार्टियों की संख्या पर निर्भर करता है)।

9.2 वित्तीय अंकों को प्राप्त करने के बाद तकनीकी और वित्तीय अंक जोड़े जाएंगे और उच्चतम कुल अंकों की स्कोरिंग करने वाली एजेंसी चयनित किया जाएगा।

9.3 चयन समिति के पास अनुबंध / आदेश देने से पहले किसी भी समय, किसी भी कारण को बताए बिना और एपीडा पर किसी भी देयता के दायित्व के बिना घोषणा को वापस लेने, स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। एपीडा के पास कीमतों में कमी लाने या अधिक सुविधाएं जोड़ने के लिए चयनित एजेंसियों के साथ कीमतों पर बातचीत करने का अधिकार भी है।

**10. अप्रत्याशित घटना:**

इस अनुबंध के दौरान यदि किसी भी समय किसी भी पक्ष के द्वारा युद्ध, सार्वजनिक शत्रु की गतिविधि, नागरिक विद्रोह, अंतर्ध्वंस, राज्य विधान या सांविधिक प्राधिकरण के दिशा-निर्देश, विस्फोट, महामारी, संगरोध प्रतिबंध, हड़ताल और तालाबंदी (जो स्थापनाओं और कॉन्ट्रैक्टर की सुविधओं तक सीमित नहीं है), आग लगने, बाढ़ आने, प्राकृतिक आपदाओं जैसे एक्ट ऑफ गॉड (इसके बाद इवेंट के रूप में जाना जाता है) के कारण आंशिक या पूर्ण रूप से अपने दायित्व/कार्योंको रोका या लंबित किया जाता है और प्रभावित पक्ष द्वारा अन्य पक्ष को इस प्रकार की घटनाओं की सूचना 15 कैलेंडर दिनों के भीतर देने पर किसी भी प्रकार के गैर-प्रदर्शन/प्रदर्शन के निलंबन की स्थिति में न तो पार्टी इस अनुबंध को समाप्त करने की हकदार होगी, और न ही पार्टी के पास इस तरह के गैर-प्रदर्शन के बारे में या प्रदर्शन में देरी के संबंध में, दूसरे के खिलाफ नुकसान के लिए इस तरह के कोई दावे नहीं होंगे। इस तरह के इवेंट (घटना) के समाप्त होने या अस्तित्व में आने के बाद अनुबंध को फिर से शुरू किया जा सकेगा। सेवा को शुरु करने या ना करने का अंतिम निर्णय अध्यक्ष, एपीडा का होगा। इस

अनुबंध के अंतर्गत ऐसी किसी भी घटना के कारण 30 दिन की अवधि से अधिक होने पर इवेंट को रोका जा सकता है या पार्टी के अनुबंध को समाप्त किया सकता है।

**11. मध्यस्थता:**

इससे उत्पन्न होने वाले विवाद के सभी मामले भारतीय कानून द्वारा शासित होंगे और केवल नई दिल्ली में न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अधीन होंगे। किसी भी विवाद को हल करने के लिए दोनों पक्ष सुलह के लिए सभी प्रयास करेंगे। किसी भी प्रश्न के संबंध में, विवाद या उस संबंध में समझौते के अंतर्गत उत्पन्न होने वाले अंतर (मामलों के अतिरिक्त, इस समझौते के अंतर्गत विशेष रूप से प्रदान किया गया निर्णय) अनसुलझा रहता है, उसी को एकमात्र मध्यस्थता के लिए संदर्भित किया जाएगा जिसे अध्यक्ष, एपीडा द्वारा नियुक्त किया जाना है और उनके द्वारा दिया गया निर्णय पार्टियों पर बाध्यकारी होगा। भारतीय मध्यस्थता और सुलह अधिनियम 1996 के प्रावधान दोनों पक्षों पर लागू होंगे। एपीडा कार्यालय या अध्यक्ष, एपीडा द्वारा निर्णित कोई अन्य स्थान मध्यस्थता कार्यवाही का स्थान हो सकता है। पूर्वोक्त रूप में किसी भी और प्रत्येक संदर्भ के अनुसार, कार्यवाही में लागत और आकस्मिक खर्चों का आकलन अध्यक्ष, एपीडा के विवेकाधीन होगा।

**12. भुगतान की शर्तें:**

**सफल एजेंसी को निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार भुगतान किया जाएगा:**

i.) वस्तुओं पर किए गए खर्च के प्रमाण की प्रस्तुति पर या समान राशि की बैंक गारंटी के पर 50% तक की लागत का अग्रिम भुगतान।
ii.) इवेंट के लिए प्रतिनियुक्त अधिकारियों की संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु इवेंट के पूरा होने पर शेष राशि जारी की जाएगी।
iii.) एजेंसी को तैयारी और प्रस्तुति से जुड़ी सभी लागतों को वहन करना होगा।

**13. बोलियों की प्रस्तुति**

**13.1 एजेंसी द्वारा निम्नलिखित तरीके से मुहरबंद लिफाफे में सहायक दस्तावेजों के साथ बोलियाँ प्रस्तुत की जाएं:**

**लिफाफा** I: **ई.एम.डी-** नई दिल्ली में देय एपीडा के पक्ष में 2,00000/- रुपए (केवल दो लाख रुपए) के डी.डी के रूप में बयाना राशि।

**लिफाफा II**: इसमें सहायक दस्तावेज़ों के साथ विधिवत रूप से भरा गया **संलग्नक-I (तकनीकी बोली)** हो। यह लिफाफा मोहरबंद हो और इस पर "**मैक्सिको स्थित मैक्सिको सिटि में 31 मार्च**, **2020 से 2 अप्रैल**, **2020** को आयोजित होने वाले **एक्स्पो एन्टाड एलिमेन्टेरिया**, **2020**, **मैक्सिको इवेंट** में एपीडा पविल्यन हेतु तकनीकी बोली" उल्लिखित हो।

**लिफाफा III**: इसमें **संलग्नक-II (वित्तीय बोली)** हो जिसे लेआउट योजना और निविदा दस्तावेज़ के नियम एवं शर्तों के आधार पर एपीडा की पूर्ण परियोजना हेतु सभी करों को शामिल कर भारतीय रूपयों में बोली के मूल्य के लिए विधिवत रूप से भरा गया हो। यह लिफाफा मोहरबंद हो और इस पर "**मैक्सिको स्थित मैक्सिको सिटि में 31 मार्च**, **2020 से 2 अप्रैल**, **2020** को आयोजित होने वाले **एक्स्पो एन्टाड एलिमेन्टेरिया**, **2020**, **मैक्सिको इवेंट** में एपीडा पविल्यन हेतु तकनीकी बोली" उल्लिखित हो।

**लिफाफा** IV: (लिफाफा IV में लिफाफे- I, II, III रखे जाएं और लिफाफा IV को भी मुहरबंद किया जाए। लिफाफे- I, II, III और IV पर स्पष्ट रूप से एजेंसी का नाम, पूरा पता, टेलीफोन नं., ई-मेल लिखा जाए।

प्रमुख लिफाफे (लिफाफा IV) पर इस "**मैक्सिको स्थित मैक्सिको सिटि में 31 मार्च**, **2020 से 2 अप्रैल**, **2020** को आयोजित होने वाले **एक्स्पो एन्टाड एलिमेन्टेरिया**, **2020**, **मैक्सिको इवेंट** में एपीडा पविल्यन हेतु तकनीकी बोली" उल्लिखित हो और उसे निम्नलिखित पते पर महाप्रबंधक (व्यापार मेले) को प्रस्तुत किया जाए।

**14. प्रदर्शन आश्वासन**

यदि एजेंसी का प्रदर्शन कसौटी पर खरा नहीं उतरता है या किसी प्रकार की कमी रह जाती है/ कार्य के क्षेत्र में औसत दर्जे से कम आउटपुट दिया जाता है तो अंतिम भुगतान के समय एपीडा द्वारा कुल बोली मूल्य का एक हिस्सा नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में एपीडा का निर्णय अंतिम होगा।

महाप्रबंधक
(व्यापार मेले)
एपीडा
तीसरी मंजिल, एन.सी.यू.आई बिल्डिंग, 3, सिरी सांस्थानिक क्षेत्र,
एशियार्ड गांव के सामने, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली-110016
टेलीफोन: 011-26526196




SALÓN GOURMET Y DELICATESSEN